पत्रिका

कंप्यूटर व तकनीकी क्षेत्र में रोजगार विषय पर दिया व्याख्यान

कानोता. कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अध्यापक।

कानोता @ पत्रिका. कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय में कम्प्यूटर अनुदेशक आलोक सैनी द्वारा कंप्यूटर व तकनीकी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं विषय पर विद्यार्थियों के समक्ष व्याख्यान दिया। साथ ही विद्यार्थियों को फंडामेंटल्स ऑफ कंप्यूटर के बारे में आधारभूत जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. तौफीक हुसैन ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान को प्राप्त कर इस क्षेत्र में रोजगार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका मीना ने प्रथम वर्ष में अनिवार्य कंप्यूटर से संबंधित महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर के बारे में बताया।

04/12/2024 | Bassi | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/